तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

हरिभूमि-
# कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 5 मई 2025

पुल की ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध... 12

रोलर स्केटिंग कैम्प में छात्रों में दिखा उत्साह राष्ट्रीय व... 12




## खबर संक्षेप



### सुखई में 5 वीं व 8 वीं के परीक्षा परिणाम जारी

दुर्गुकोंदल। दुर्गुकोंदल के प्राथमिक शाला व माध्यमिक शाला सुखई में 5 वीं व 8वीं के परीक्षा परिणाम के साथ स्थानीय परीक्षाओं के रिजल्ट जारी किया गया। कक्षा 8 वीं का 75.13 प्रतिशत और 5 वी का 74 प्रतिशत परिणाम रहा। कक्षा 5 वीं व 8 वीं में प्रथम स्थान पर आने वाले विधार्थियो को नगद पुरूस्कार प्रदान किया गया। इस अवसर पर सुखई के उपसरपंच मुकेश गावडे, शाला प्रबन्धन समिति अध्यक्ष नारायण जैन, प्रधानपाठक मधुराम नेताम, अरूना वट्टी, संकुल संमन्वयक किशोर कुमार विश्वकर्मा, शिक्षक बिसाहूराम सर्फे, संजय पिस्दा, धरमजीत सिंह, लोकेश साहू, नोमेश्वर निषाद, पालक हरिप्रसाद तारम, गंगाधर, कन्हैयालाल भुवार्य, सुभाष आचला, देवसिंह व विधार्थी उपस्थित रहे।

### कांग्रेसियों ने रैली को लेकर तैयार की रणनीति



दुर्गूकोंदल। कांग्रेस का संविधान बचाओ अभियान के तहत 8 मई को जिला मुख्यालय में संविधान बचाओ रैली का आयोजन प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर आयोजित होगा। इस सबंध में दुर्गूकोंदल ब्लाक के प्रभारी जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कांग्रेसियों की बैठक लेकर रणनीति तैयार किया। ब्लाक प्रभारी ने बैठक में उपस्थित सभी कांग्रेस पदाधिकारियों से कहा कि ब्लॉक के सभी पदाधिकारी, जोन, सेक्टर, बूथ प्रभारी, जनप्रतिनिधि एवं वरिष्ठ कांग्रेस के पदाधिकारियों को रैली में शामिल होना जरूरी है।

### मौसम ने बदली करवट, तेज हवाओं के साथ हुई झमाझम बारिश

दुर्गुकोंदल। दुर्गुकोदल में शनिवार की रात के बाद मौसम ने अचानक करवट लिया, जहां एक ओर सुबह से तेज धूप और गर्मी ने लोगों को परेशान किया, वहीं शाम होते-होते आसमान में काले बादल छा गए और तेज आंधी जैसी हवाएं चलने लगीं। कुछ ही देर में तेज हवाओं के साथ जोरदार ओलावृष्टि शुरू हो गई और तेज हवाओं के साथ झमाझम बारिश हुई। बारिश से तापमान में गिरावट आई और लोगों को गर्मी से राहत मिली। इस अचानक बदले मौसम के कारण आम शेष पेज 10 पर

## अपराध : मरकाटोला में मजदूर और कांटागांव में कलयुगी बेटे ने की थी हत्या

# मरकाटोला और कांटागांव में हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपियों को भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

काटागांव में कलयुगी बेटे और उसके दो साथियों ने खेत में पानी, मछली का पैसा और खाना बनाने को लेकर सदैव विवाद

- मरकाटोला में मजदूर ने जादू टोना के शक में नाबालिग की हत्या
- काटागांव में बेटे का पिता के साथ खेत से पानी निकालने व मछली के पैसे को लेकर हुआ था विवाद
- काटागांव में बेटे के दो दोस्तों को मृतक सदैव खाना बनाने की बात पर करता था गाली गलौज



होने से परेशान होकर होकर 2 ओर 3 मई की दरमियनी रात को मृतक धनसाय को मौत के घाट उतार दिया। वहीं मरकाटोला लारगांव में मजदूर ने अपने घर मालिक की नाबालिग बेटी को जादू टोना करने के शक में 3 मई की सुबह मंदिर में हत्या कर दी। पुलिस ने दोनो घटनाओं में चार आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।

जानकारी के अनुसार काटागांव में आरोपी मृतक धनसाय कोमरा प्रतिदिन की तरह लाड़ी में 2 मई की रात को सो रहा था और उसका दूसर बेटा कमल किशोर लाड़ी तरफ गया तो देखा कि उसके पिता की किसी ने हत्या कर दिया है।

इसकी शिकायत पर कोरर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज करते हुए आरोपियों की तलाश में जुटी और संदेह के आधार पर मृतक के कलयुगी बेटे 31 वर्षीय कमलेश उर्फ मंगतू कोमरा पिता स्व. धनसाय, 30 वर्षीय महावीर मंडावी पिता स्व. तीजाराम मंडावी और 33 वर्षीय बोदूराम कोमरा पिता स्व. हलाल राम कोमरा को हिरासत में लेकर सक्ती से पूछताछ करने पर बताया कि मृतक अपने कलयुगी आरोपी पुत्र से खेत से पानी निकालने व मछली के पैसा को लेकर बाप बेटा में विवाद होता रहता था।

बोदूराम और महावीर को खाना बनाने को लेकर आए दिन गाली गलौच विवाद करता था, जिससे नाराज होकर तीनों एकजुट होकर 1 कई को योजना बनाकर 2 मई की रात लगभग साढ़े 9 बजे नारियल रस्सी से गला घोंटकर, टूटे हुए लोहे की टंगिया लकड़ी का बेट लगा हुआ से चेहरे और माथे में बोदूराम के द्वारा तीन बार मारकर हत्या किए।

हत्या करना स्वीकार करने के उपरांत गिरफ्तार कर हत्या के सबूत को एकत्र करवाया गया और तीनों को न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

मामले के खुलासे और आरोपियों को दबोचने में कार्यवाही में निरीक्षक जितेन्द्र गुप्ता, उप निरीक्षक रामविलास नेगी, प्रधान आरक्षक कन्हैया पटेल, तिरथ गंधर्व, चंद्र कुमार जयते, आरक्षक चन्द्रप्रकाश मरकाम, मनोज साहू, विनोद साहू, संत राम कोर्राम का योगदान रहा।

### मरकाटोला लारगांव में जादू टोना के शक में किया हत्या



मृतिका नाबालिक मीनाक्षी मरकाम के पिता 56 वर्षीय ललता मरकाम पिता स्व. निवासी लारगांव मरकाटोला बरपारा ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूँ। गांव में नया मकान बना रहा हू और मैं 3 मई को सुबह 8 बजे पत्नी बालो बाई एवं बेटी टिकेश्वरी के साथ बैलगाड़ी से तुमड़ाबांधा अपने खेत में गिट्टी लेने के लिए गया था। गिट्टी लेकर मैं अपनी पत्नी और बेटी के साथ करीबन साढ़े 10 बजे घर वापिस आया तो दिखा कि मेरी बेटी मिनाक्षी मरकाम पूजा कमरा के सामने परछी में लहूलुहान गिरी पड़ी थी, वहीं पास में ढेकुना निवासी और मेरे नए मकान में मजदूरी का काम करने वाला तुलसीराम निषाद पिता स्व. बैजनाथ निषाद खून से सना हुआ कुल्हाड़ी लेकर खड़ा था। मैने उससे पूछा कि मेरी लड़की को क्यों मारे हो, उसने कहा कि तुम्हारी बेटी मुझ पर जादू टोना करके मेरी हत्या करना चाह रही थी, इस कारण मैंने उसे कुल्हाड़ी से मारा है। इसी बीच मौका पाकर तुलसीराम निषाद उपने हाथ में रखे कुल्हाड़ी लेकर घर पीछे बाड़ी तरफ भागने लगा। मैने पकड़ने के लिए दौड़ाया, लेकिन वह मुझे नहीं मिला। मामले की संदवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस टीम रवाना हुई और मुखबिर की सूचना पर आरोपी को सिदेसर चौक पर गिरफ्तार करने में सफलता मिली। आरोपी ने हत्या करना स्वीकार किया और टंगिया को जप्त करवाया। आरोपी को 4 मई को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर के नेतृत्व में उप निरीक्षक मनोरथ जोशी, प्रधान आरक्षक ओप्रकाश कृषान, गीतेश्वर कुलदीप, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति हितेश्वरी चेलक की अहम भूमिका रही।

## नगरीय निकाय मंत्री से सौंदर्यीकरण व विकास कार्यो के लिए मांगा 200 लाख



- नगरपालिका की टीम ने स्वीकृति के लिए दिया ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

नगरीय निकाय मंत्री अरूण साव एक दिवसीय प्रवास पर कांकेर पहुँचे और समीक्षा बैठक लिया। नगरपालिका की टीम ने नगर विकास के लिए नगरीय मंत्री को 200 लाख के विकास कार्यों के स्वीकृत के लिए ज्ञापन सौंपा। नगरीय मंत्री का नगरपालिका कार्यालय के पास स्वागत के उपरांत नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, नगर पालिका उपाध्यक्ष उत्तम यादव एवं पार्षदों ने नगरीय मंत्री अरूण साव को कांकेर शहर के सर्वांगीण विकास के लिए मांग पत्र सौंपा। जिसमें घड़ी चौक उन्नयन एवं सौंदर्यीकरण कार्य, मरीन ड्राईव उन्नयन, शहर के हृदय स्थल में जय स्तम्भ चौक स्थापना एवं सौंदर्यीकरण कार्य, वॉल म्यूरल आर्ट वर्क एवं विद्युतीकरण कार्य, वार्ड क्रमांक 15 एमजी वार्ड स्थित कम्युनिटी हॉल को जनमानस के सर्वसुविधायुक्त बनाये जाने एवं दूधनदी पर स्थित पुराने पुल के उन्नयन तथा बस्तर संस्कृति की झलक, कल्चरल वर्क का निर्माण कार्यों सहित कुल राशि शेष पेज 10 पर

## शादीशुदा मुस्लिम युवक को हिंदू लड़की से इश्कबाजी करना पड़ा भारी




हरिभूमि न्यूज ▸▸| भानुप्रतापपुर

विवाहित मुस्लिम युवक का एक हिन्दू लड़की को गुमराह कर अवैध

- हिंदू संगठन के विरोध के बाद आरोपी युवक को पुलिस को सौंपा

सबंध रखना महंगा पड़ गया। हिंदू संगठन को खबर मिलते ही हिंदु संगठन ने मुस्लिम युवक की जमकर पिटाई कर दिया और कार्यवाही की माँग को लेकर पुलिस को सौंपा। जानकारी के अनुसार 4 मई को शाम को भानुप्रतापपुर का माहौल गहमा गहमी वाला रहा। दोपहर को हिंदू समाज के लोगो को जानकारी मिली कि भानुप्रतापपुर के बसंतनगर में कुछ ही दिन पहले रहने आए एक मुस्लिम व्यापारी द्वारा एक हिन्दू युवती के शोषण की जानकारी मिली, जिसके बाद हिन्दू समाज के लोगो द्वारा युवक से मिलकर इस सबंध में पूछा गया, परंतु मुस्लिम युवक बहस करते हुए गोलमोल जवाब देने लगा। हिंदू संगठन के लोग आक्रोश में आ गए और युवकी जमकर पिटाई कर दिया। युवक की पिटाई करने से भानुप्रतापपुर का माहौल गरमा गया। भानुप्रतापपुर चौक और थाने के पास सैकड़ो युवा एकत्र होने लगे। मारपीट के शिकार हुए युवक को पूछताछ के लिए पुलिस थाना ले गई। युवक के थाना ले जाने के बाद भी सैकड़ो युवक थाने और आसपास लंबे समय तक खड़े रहे। समाचार लिखे जाने तक यह स्पष्ट नहीं हो पाया है कि पुलिस ने इस मामले में क्या कदम उठाया है। पुलिस मुस्लिम युवक का बयान ले रही थी और पूछताछ करने में डटी रही। मुस्लिम युवक भानुप्रतापपुर शेष पेज 10 पर

## ओलावृष्टि व तूफान से करियापहर में किसानों को हुआ नुकसान मुआवजे की हो रही मांग

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

तहसील नरहरपुर के करियापहर में विगत तीन दिनो में हुई ओलावृष्टि और तूफान के चलते किसानों की

- मेड़ें टूटीं, वृक्ष उखड़ कर गिरे, जिससे हुआ अतिरिक्त नुकसान

धान का फसल पूरी तरह से बर्बाद हो गया है, इसके अलावा खेत के मेड़ो और खेतों में जो वृक्ष है वह भी गिर गया है। किसान इस तबाही से पूरी तरह से परेशान हो गया है, उसकी लागत भी निकलने वाली नहीं है।

विकासखंड नरहरपुर के बीरनपुर ग्राम पंचायत के आश्रित ग्राम करियापहर के किसान लक्ष्मण शुक्ला, विनोद ध्रुव, जीवन यादव,राहुल कोमरा, चमन जुर्री, झाड़ू राम यादव, ईश्वर यादव, गिरधर यादव, मुकेश मंडावी, विनोद मांडवी, चैन सिंह नेताम, राम सिंह यादव, राम अयोध्या सिन्हा, गिरधर मरकाम, मनोहर सिन्हा, अमर लाल सिन्हा, सेवक



शोरी, शिव प्रसाद यादव, रामनाथ निषाद, दयालु निषाद, भीम मरकाम, सूरजभान नाग, सुरेंद्र नाग, रामसेवक नेताम, मिलउ शोरी, राधेश्याम मरकाम एवं अन्य किसानों ने बताया कि ओलावृष्टि के कारण धान के बाली पूर्ण रूप से झड़कर नीचे जमीन में गया और वह धान अंकुरित होने लग गया है। किसानों का जो फसल है, वह सिर्फ पांच प्रतिशत ही बचा है। ओलावृष्टि के कारण धान के बीज झड़कर खेतों में बिखर गया है। किसानों ने प्रशासन और शासन से माँग किया है कि फसल की हुई बर्बादी को देखते हुए परेशान किसानों को मुआवजा दिया जाए।

## सुशासन तिहार के अंतिम चरण में जनता को मिलेगा समयबद्ध समाधान

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

सुशासन तिहार 2025 के तीसरे चरण की शुरुआत के एक दिन पहले कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में कलेक्टर निलेश कुमार क्षीरसागर ने

- जिले के चार क्लस्टर में आज से आयोजित होंगे सुशासन शिविर

मीडिया से रूबरू होते हुए कहा कि जिलेभर में तीसरे चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में 39 शिविर और नगरीय ईलाकों में भी शिविर का आयोजन का शुभारंभ 5 मई से किया जाएगा।

कलेक्टर ने बताया कि जिले में सुशासन तिहार का पहला चरण 8 से 11 अप्रैल तक आयोजित हुआ, जिसमें विभिन्न माध्यमों से आम जनता से आवेदन प्राप्त किए गए। दूसरे चरण में इन आवेदनों को स्कैन कर विभागीय अधिकारियों को भेजा गया और निराकरण की कार्रवाई शुरू की गई। तीसरा और अंतिम चरण 5 मई से 30 मई तक चलेगा, जिसके अंतर्गत जिले में कुल 39 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिसकी पूरी तैयारी कर लिया गया है। कलेक्टर ने कहा कि शिविर में जनता को उनके आवेदन की स्थिति और समाधान की जानकारी दी जाएगी। शिविरों में प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना, राशन कार्ड, पेंशन, शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि आदि से जुड़ी योजनाओं की जानकारी और आवेदन की सुविधा दी जाएगी। इसके साथ ही हितग्राहीमूलक योजनाओं के फॉर्म भी उपलब्ध रहेंगे। उन्होंने बताया कि सुशासन तिहार 2025 अंतर्गत जिले में मांग एवं समस्याओं से संबंधित कुल 99 हजार 566 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिसमें मांग आधारित 96 लाख 737 एवं शिकायत से संबंधित 829 आवेदन शेष पेज 10 पर



### आज चार जगह लगेंगे शिविर

जिला पंचायत सीईओ हरेश मंडावी ने बताया कि आज 5 मई को अंतागढ़ विकासखंड के क्लस्टर लामकन्हार में शिविर होगा, जिसमें बड़ेतोपाल, पोण्डगांव, लामकन्हार, हिमोड़ा, बुलावण्ड, कढाईखोदरा, नवागांव, गोडरी, हिन्दुबिनापाल, गोडविनापाल कलगांव ग्राम पंचायत शामिल है। विकासखंड भानुप्रतापपुर के क्लस्टर केंवटी में शिविर होगा, जिसमें केंवटी, भीरागांव, घोठा, फरसकोट, पेवारी, परवी, आसुलखर, सोनेकन्हार, घोटिया, जातावाड़ा पंचायत शामिल है। विकासखंड कांकेर के क्लस्टर बेंवरती में शिविर होगा, जिसमें बेंवरती, अंजनी, पुसावंड, पुसवाड़ा, पटौद, दसपुर, मोहपुर, व्यासकोंगेरा, कोदाभाट पंचायत शामिल है। विकासखंड कोयलीबेड़ा के क्लस्टर गोंडाहुर में शिविर होगा, जिसमें ढोरकट्टा, जयपुर, गोण्डाहूर, हांकेर, कल्याणपुर, माटोली, रविन्द्रनगर, राधानगर, बैकुण्ठपुर, मायापुर, रामकृष्णपुर, दुर्गापुर, लखनपुर, पेनकोड़ो, उदयपुर ग्राम पंचायत शामिल होंगे।

## कड़ी जांच के लिए छात्रों को धूप में करना पड़ा इंतजार

# नीट के छात्रों को भौतिकी व रसायन ने किया परेशान, बायो से मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

मेडिकल कालेज में प्रवेश के लिए रविवार को नीट की परीक्षा हुआ, जिसमें चार परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। नीट की परीक्षा देने के लिए छात्र-छात्राओ को तेज धूप में लंबी लाईन में खड़े होकर कड़ी जांच से गुजरना पड़ा, जिसके बाद ही परीक्षा में शामिल हो पाए। किसी परीक्षार्थी को रसायन का पेपर कठिन लगा, तो किसी को भौतिक विषय का पेपर कठिन लगा।

डाक्टर बनने के लिए प्रथम पड़ाव में छात्र-छात्राओ ने नीट की परीक्षा दिया। परीक्षा के लिए जिला मुख्यालय में चार परीक्षा केंद्र केंद्रीय विद्यालय सिंगारभाट, पीजी काँलेज, कन्या हायर सेकेंड्री विद्यालय लट्टीपारा और नरहरदेव पीएमश्री स्कूल को बनाया गया। परीक्षा केंद्रो में परीक्षा दोपहर 2 से शाम 5 बजे तक हुई, परंतु परीक्षा दे रहे छात्र-छात्राओ के लिए नियम था, कि आधा घंटा पहले दोपहर डेढ़ बजे परीक्षा केंद्र के अंदर प्रवेश करना था। परीक्षा को लेकर चारो परीक्षा केंद्र में पुलिस की कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। छात्रो को प्रवेश पत्र के साथ आधार कार्ड व दो पासपोर्ट फोटो लेकर आना था, कड़ी जांच होना था। इस कारण छात्र-छात्राए समय से काफी पहले सुबह 10 बजे पहुंच गए थे और 11 बजे गेट में जांच में शामिल हुए। जांच के लिए छात्र-छात्राओ की लंबी लाईन लग गई थी। छात्रो-छात्राओ का बेल्ट, टोपी, आभूषण, गले में लाकेट उतरवा और हाथ घड़ी उतरवा दिए गए। परीक्षा कक्ष में जाने से पहले लिखने के लिए अलग से पेन लिखने के लिए दिया गया। जांच के दौरान तेज धूप थी और लंबी लाईन लगी थी। जिससे छात्रो को दिक्कत हुई।



### पीजी कॉलेज में सबसे ज्यादा परीक्षार्थी

नीट की परीक्षा देने में सबसे ज्यादा पंजीकृत परीक्षार्थी शहर के पीजी कालेज में थे। पीजी कालेज में 720 पंजीकृत परीक्षार्थी थे, जिसमे 663 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दिया और 57 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। लट्टीपारा कन्या शाला में पंजीकृत परीक्षार्थी 360 थे, जिसमे से 333 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दिया और 27 परीक्षार्थी अनुपस्थित थे। नरहरदेव पीएमश्री स्कूल में पंजीकृत परीक्षार्थी 269 थे, जिसमे 260 परीक्षार्थियो ने परीक्षा दिया और 9 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सिंगारभाट के केंद्रीय विद्यालय में 240 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिसमें 234 परीक्षार्थी शामिल हुए और 6 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

### परीक्षा में सफल होने के लिए की कड़ी मेहनत

पेपर में 720 अंक के प्रश्न पूछे गए थे और 180 प्रश्न पूछे गए थे। भौतिक, रसायन, जीव विज्ञान व वनस्पति विज्ञान के प्रश्न पूछे गए थे। किसी को रसायन विषय के प्रश्न कठिन लगे, तो किसी को भौतिक विषय के प्रश्न कठिन लगे। बायो के प्रश्न परीक्षार्थियो को सबसे सरल लगे। किसी की तैयारी दो साल से चल रही। किसी ने पहली बार अनुभव के लिए परीक्षा दिया, तो किसी परीक्षार्थी का यह दूसरा अवसर था। शहर के एमजी वार्ड के पुष्पांजलि साहू ने कहा कि यह नीट परीक्षा का दुसरा अवसर है। सफल होने के लिए इस बार काफी मेहनत किए है। इस बार आनलाईन कोचिग भी किया है। दूसरी बार परीक्षा दे रही बारदेवरी की खुशबु प्रधान ने कहा कि इस बार पेपर काफी अच्छा बना है, इसको लेकर काफी मेहनत किए है। मुरडोंगरी की सान्या कांगे ने कहा परीक्षा को लेकर कोचिग एक माह तक की हू, जिससे पेपर अच्छा बना है। भौतिक विषय का पेपर कठिन लगा है। सिदेसर के पियुष जैन ने कहा कि पहली बार अनुभव के लिए परीक्षा दिए है। पहली बार में ही पेपर काफी अच्छा बना है। बुदेली की स्वाति रामटेके ने कहा कि एक साल से परीक्षा को लेकर तैयारी चल रही थी, जिससे पेपर काफी अच्छा बना है। रसायन विषय का पेपर कठिन लगा है।

## चारामा नगर में धड़ल्ले से बिक रही अवैध शराब, आबकारी विभाग मौन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

नगर चारामा के अंदर जगह-जगह अवैध शराब धड़ल्ले से बिक रही है,

- प्रशासन से सख्त कार्रवाई और स्थायी समाधान की मांग

इसकी जानकारी होने के बाद भी चारामा में तैनात आबकारी विभाग का अमला चैन की नींद सो रहा है। जानकारी के अनुसार चारामा नगर के वार्ड क्रमांक 08 में खुले आम अवैध शराब की धड़ल्ले से बिक्री किया जा रहा है, इसकी जानकारी आबकारी विभाग के साथ-साथ पुलिस विभाग को है, परंतु अवैध ढंग से शराब की बिक्री करने वाले पर कार्यवाही करने के लिए अफसरों के हाथ कांपते है। इस अवैध अड्डे की चर्चा चारामा के चौक चौराहे पर होती रहती है। ताकतवर शराब माफिया को संरक्षण जिसके द्वारा दिया जा रहा है, उसकी भी चर्चाएं जोरो पर है। शराब माफिया के द्वारा मुहल्लेवासियों के बीच संचालित मिनी शराब भट्टी से लगातार मुहल्ले का वातावरण बिगड़ता जा रहा है । मुहल्ले के लोगों का बिगड़ते माहौल को लेकर जीना दुश्वार हो गया है। वार्ड के कुछ लोग तो दूषित माहौल के शेष पेज 10 पर

### सीसीटीवी कैमरे लगवाने की मांग

नगर के जानकारों का कहना है कि इस अवैध शराब के अड्डे की निगरानी करने के लिए सीसी टीवी कैमरे लगा दिए जाए तो यहां पर शराब के शौकीन आम जनता से लेकर कई कई सरकारी विभाग में तैनात अधिकारी और कर्मचारियों का खुलासा हो जाएगा। शराब माफियाओं पर आबकारी विभाग की ओर से कोई ठोस कार्यवाही होगी या फिर यूं ही यह अवैध शराब का कारोबार बिना रोक टोक के चलता ही रहेगा, अपने आप में यह बहुत बड़ा सवाल है। नगर की जनता अब इस बात को लेकर परेशान है कि इन अवैध शराब के कारोबारियों को आखिर संरक्षण कौन दे रहा है। सरकार बदलने के बाद लग रहा था कि यह बंद हो जाएगा, परंतु काम वहीं कर रहा है, संरक्षण देने वालों के चेहरे बदल गए।

## खबर संक्षेप



### प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा सम्पन्न 48 विद्यार्थी हुए शामिल

**कोण्डागांव।** छत्तीसगढ़ व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित प्री पॉलिटेक्निक परीक्षा का आयोजन 01 मई को जिले के शासकीय गुंडाधुर स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा को लेकर जिला प्रशासन द्वारा समुचित व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं। इस संबंध में डिप्टी कलेक्टर सुश्री निकिता मरकाम ने जानकारी देते हुए बताया कि परीक्षा में कुल 150 परीक्षार्थियों ने पंजीयन कराया था, जिनमें से 48 परीक्षार्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न हुई। परीक्षा की प्रक्रिया में पारदर्शिता और अनुशासन सुनिश्चित करने, परीक्षा की निगरानी के लिए गठित उड़नदस्ता दल द्वारा परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया गया।

### कलेक्टर ने की मां दंतेश्वरी इथेनॉल प्लांट की समीक्षा



**कोण्डागांव।** कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना ने गुरूवार को जिला कार्यालय के सभाकक्ष में माँ दंतेश्वरी इथेनॉल प्लांट का स्थापना कार्य की प्रगति की समीक्षा की। समीक्षा बैठक के दौरान प्लांट के प्रबंध संचालक विकास खन्ना द्वारा प्लांट की वर्तमान स्थिति की जानकारी दी गई तथा आगामी कार्य योजना पर विस्तार से प्रकाश डाला गया। इस दौरान प्लांट के सुचारु संचालन के लिए की जा रही तैयारियों की जानकारी लेते हुए कलेक्टर ने विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। चर्चा के दौरान समिति द्वारा जिला प्रशासन से प्लांट के संचालन के लिए आवश्यक सहायता दिए जाने की बात कही गई।

### कलेक्टर ने आवास सर्वेक्षण कार्य का किया अवलोकन



**कोण्डागांव।** कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना ने आज कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम पंचायत बड़ेकनेरा में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के तहत चल रहे आवास सर्वे कार्य का भी अवलोकन किया और शेष बचे हुए आवास सर्वेक्षण को 15 मई तक पूर्ण कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नये स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों से आवास निर्माण में प्रगति लाने की बात कही। ज्ञात हो कि पीएम आवास योजना के तहत छूटे हुए व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए आवास सर्वेक्षण का कार्य जारी है। पहले सर्वेक्षण हेतु अंतिम तिथि 30 अप्रैल निर्धारित था, जिसे बढ़ाते हुए राज्य शासन द्वारा 15 मई किया गया है। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई और जनपद पंचायत कोण्डागांव की सीईओ आकांक्षा नायक, गांव के सरपंच और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### कोण्डागांव में सुशासन तिहार का तीसरा चरण 5 से

**कोण्डागांव।** कोण्डागांव जिले में सुशासन तिहार के तीसरे चरण का आयोजन 5 मई से 30 मई 2025 तक किया जाएगा। कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के नेतृत्व में यह समाधान शिविर ग्रामीणजनों की समस्याओं का त्वरित निराकरण और शासकीय कार्यों में पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। समाधान शिविर का शुभारंभ 5 मई को केशकाल विकासखंड के ग्राम खालेमुरवेण्ड से होगा। इसी दिन बड़ेराजपुर विकासखंड के ग्राम पंचायत बड़ेराजपुर में भी शिविर लगेगा। अगले चरणों में, 7 मई से 30 मई तक जिले के विभिन्न विकासखंडों के ग्राम पंचायतों और स्कूलों में तिथिवार शिविर आयोजित किए जाएंगे। इनमें फरसगांव, कोण्डागांव, माकड़ी और केशकाल विकासखंड शामिल हैं। इन शिविरों में आमजन अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत कर सकेंगे, जिनका मौके पर ही निराकरण करने का प्रयास किया जाएगा।

# माकड़ी में भावपूर्ण विदाई समारोह, शिप्रा त्रिपाठी की सेवाओं का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

कुछ विदाई समारोह केवल औपचारिक नहीं होते, वे लोकमानस में गूंजते यशस्वी कर्मों के प्रति कृतज्ञता का जीवंत चित्रण होते हैं। ऐसा ही एक स्मरणीय क्षण माकड़ी विकासखंड ने देखा, जब महिला एवं बाल विकास विभाग की परियोजना अधिकारी शिप्रा त्रिपाठी के शासकीय सेवा से सेवानिवृत्त होने पर पूरा क्षेत्र भावनाओं से भीग उठा। एक साधारण विदाई को असाधारण बनाते हुए ग्राम पंचायत माकड़ी, जनप्रतिनिधियों, विभागीय सहयोगियों और ग्रामीणजनों ने उन्हें सादर विदा किया। यह विदाई सम्मान नहीं, बल्कि उस ईमानदार सेवा, करुणामयी व्यवहार और प्रशासनिक निष्ठा के प्रति श्रद्धांजलि थी, जिसे उन्होंने न केवल निभाया, बल्कि आदर्श की ऊंचाई पर प्रतिष्ठित किया। समारोह में उपस्थित सरपंच रुक्मणी पोयाम, पूर्व जनपद सदस्य लक्ष्मी पोयाम, वरिष्ठ समाजसेवी रामकुमार, प्राचार्य रमेश प्रधान, पार्षद मनीष श्रीवास्तव एवं विभागीय अधिकारीगणों ने अपने उद्गारों में कहा कि श्रीमती त्रिपाठी जैसे अधिकारी अब विरले ही मिलते हैं, जिनका हर कदम सेवा का पर्याय बन जाता है। उनकी विदाई पर, शॉल–श्रीफल, प्रशस्ति–पत्र और विशेष स्मृति–चिन्ह भेंट किए गए। आभार ज्ञापन प्राचार्य रमेश प्रधान के द्वारा किया गया। अभी बताया गया कि सभी विभागीय सभी कर्मचारी तथा अधिकारियों की ओर से शिप्रा त्रिपाठी के सेवानिवृत्ति के अवसर पर उन्हें विदाई देने माकड़ी में अलग से एक और विदाई पार्टी भी रखी गई है। निश्चित रूप से यह सहकर्मियों का शिप्रा त्रिपाठी के प्रति स्नेह तथा लगाव को प्रदर्शित करता है।

## शासकीय सेवा में उनके योगदान के लिए मिला सम्मान



### तीन विषयों में एमए की डिग्री

श्रीमती त्रिपाठी ने कहा, यह सम्मान मेरे लिए एक स्थायी पारिवारिक बंधन जैसा है। मैं स्वयं को सौभाग्यशाली मानती हूं कि मुझे माकड़ी जैसे आत्मीय स्थान पर कार्य करने का अवसर मिला। आप सभी का स्नेह,सहयोग तथा समर्थन मिला उनकी सेवा–यात्रा भानुप्रतापपुर, किलेपाल, दरभा और बीजापुर जैसे नक्सल प्रभावित दुर्गम अंचलों से होती हुई माकड़ी तक आई। जहाँ सुविधाएं कम थीं, वहाँ उन्होंने संसाधनों से नहीं, संकल्प से कार्य किए। उन दिनों जब चारामा से कोंटा तक अविभाजित बस्तर एक ही जिला था शिप्रा त्रिपाठी को जिले की सर्वश्रेष्ठ पर्यवेक्षक का अवार्ड 26 जनवरी के भव्य आयोजन में प्रदान किया गया था। तीन–तीन विषयों में एम.ए. की डिग्री तथा संगीत में विशेष योग्यता हासिल करने के बावजूद उनकी सेवा–शैली में न कोई आडंबर था, न अहंकार और न ही कर्तव्यों से विराम।

## मुख्यालय में नियमित उपस्थिति दें स्वास्थ्यकर्मी : कलेक्टर

# बड़ेकनेरा व चिपावण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों की व्यवस्थाओं का लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ स्वास्थ्य केंद्रों में साफ–सफाई और व्यवस्थाएं बेहतर करने के दिए निर्देश



कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने कोण्डागांव विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम बड़ेकनेरा और ग्राम चिपावण्ड का दौरा कर स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। कलेक्टर ने सबसे पहले ग्राम बड़े कनेरा में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने वहां विभिन्न कक्ष का अवलोकन करते हुए स्टाफ की संख्या, टीकाकरण, प्रसव इत्यादि की जानकारी ली और अस्पताल में साफ–सफाई व्यवस्था दुरूस्त रखने के निर्देश दिए। उन्होंने सेक्टर सुपरवाईजर को सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और आरएचओ की नियमित बैठकें एवं प्रशिक्षण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान चिकित्सकों ने भवन में सीपेज की समस्या से अवगत कराया, जिस पर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को शीघ्र समस्या को दूर करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिला पंचायत के सीईओ अविनाश भोई भी उपस्थित रहे।स्वास्थ्य केंद्रों में बेहतर सेवाएं सुनिश्चित करने के निर्देश – कलेक्टर ने ग्राम चिपावण्ड के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के निरीक्षण में उन्होंने स्टाफ सहित समस्त आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली और सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी और आरएचओ को निर्देशित किया कि सभी अपने मुख्यालय में उपस्थित रहें और एएनसी चेकअप पर प्राथमिकता से ध्यान दें। कलेक्टर ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि ग्रामीणों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन गंभीरता से करें। स्वास्थ्य को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। उन्होंने मातृ मृत्यु दर और स्टिल बर्थ के मामले को शून्य करने तथा नवजात शिशुओं के टीकाकरण और सतत निगरानी सुनिश्चित करने पर जोर दिया। इस अवसर पर जनपद पंचायत कोण्डागांव की सीईओ सुश्री आकांक्षा नायक सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

### *सुशासन तिहार 2025 : 5 से 30 मई तक 49 समाधान शिविर आयोजित होंगे*

*कोण्डागांव। जिले में सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत 05 मई से 30 मई तक आयोजित होने वाले समाधान शिविरों की तैयारियों को लेकर कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने आज जिला कार्यालय के सभाकक्ष में पत्रकारों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की मंशा के अनुरूप सुशासन तिहार का उद्देश्य आम जनता की समस्याओं का त्वरित एवं संतोषजनक समाधान करना तथा शासन की योजनाओं का लाभ जनसामान्य तक पहुँचाना है। कलेक्टर ने जानकारी दी कि जिले में अब तक कुल 95,463 आवेदन प्राप्त हुए हैं, जिनका गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किया जा रहा है। तृतीय चरण के अंतर्गत जिले में कुल 49 समाधान शिविर आयोजित किए जाएंगे, जिनमें 36 ग्रामीण और 13 नगरीय क्षेत्रें में लगाए जाएंगे। शिविरों में प्राप्त आवेदनों की स्थिति से संबंधित जानकारी आवेदकों को दी जाएगी, साथ ही नए आवेदन भी लिए जाएंगे। जिन प्रकरणों का निराकरण मौके पर ही संभव होगा, उन्हें वहीं हल किया जाएगा। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर एवं विभिन्न मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे।*

### बंधा तालाब उद्यान के सौंदर्यीकरण कार्यों का लिया जायजा




**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना ने शाम बंधा तालाब उद्यान पहुंचकर सौंदर्यीकरण एवं जीर्णोद्धार कार्यों का निरीक्षण किया और कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शेष कायोंर् को शीघ्र एवं उच्च गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने उद्यान में स्थापित विद्युत प्रकाश उपकरणों सहित अब तक किए गए कार्यों का गहन निरीक्षण किया और स्पष्ट रूप से कहा कि कार्य की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्माणाधीन म्यूजिकल फाउंटेन फ्लोर में आवश्यक सुधार किए जाने के निर्देश भी दिए। बंधा तालाब उद्यान में नगरवासियों के मनोरंजन और सुविधा के लिए विभिन्न विकास कार्य किए जा रहे हैं, जिनमें आकर्षक विद्युत सज्जा, फाउंटेन निर्माण तथा अन्य सौंदर्यीकरण कार्य शामिल हैं। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर सहित संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## 28 बोर खनन की मिली स्वीकृति ग्रामीणों को मिलेगा शुद्ध पानी

■ ग्रामीण अंचल में दूर होगी पानी की समस्या

■ स्थानीय लोगों व विधायक के सकारात्मक प्रयासों का परिणाम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| फरसगांव

केशकाल विधानसभा अंतर्गत अंदरूनी इलाकों में साल दर साल जल संकट बढ़ता ही जा रहा है। जिसके कारण क्षेत्रवासियों को पीने का शुद्ध पानी नहीं मिल पा रहा है वहीं ग्रामीणों को दैनिक जीवन यापन में भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

कई गांव के लोगों ने स्थानीय विधायक नीलकंठ टेकाम को अपने अपने गांव में पानी की समस्या से अवगत करवाया था। विधायक ने ग्रामीणों की मांग पर संवेदनशीलता दिखाते हुए केशकाल विधानसभा में 28 बोर खनन की स्वीकृति दे दी है, जिससे क्षेत्रवासियों में हर्ष व्याप्त है।


आपको बता दें कि विधायक नीलकंठ टेकाम ने उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पत्र लिख कर विभिन्न ग्रामों के लिए बोर खनन एवं हैंडपंप स्थापित करने की मांग की थी। जिस पर मुहर लगाते हुए पीएचई मंत्री अरुण साव ने 19 बोर खननो की स्वीकृति भी दे दी है। वहीं बस्तर विकास प्राधिकरण की ओर से 9 बोर खनन की स्वीकृति मिली है। इस तरह से कुल 28 स्थानों पर बोर खनन होने वाला है। जिसमें मुख्य रूप से पांडेआठगांव, गट्टीपलना, बैजनपुरी, होनावंडी, खल्लारी, तितरवंड, परोण्ड, बेड़मा, तोषकापाल, फुंडेर, आमगांव, चुरेगांव, इरागांव, जुगनीकलार, पिपरा, कोहकामेटा, सिरसीकलार, बड़ेडोंगर, बाड़ागांव, कोंगेरा, हात्मा, सोड़मा, ढोढरापारा एवं जरण्डी गांव शामिल हैं। इस सौगात के लिए स्थानीय क्षेत्रवासियों ने विधायक नीलकंठ टेकाम के प्रति आभार व्यक्त किया है।

इस सम्बंध में विधायक नीलकंठ टेकाम ने बताया कि माननीय विष्णुदेव साय की सरकार गांव के अंतिम व्यक्ति तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने के प्रति संकल्पित है। चूंकि गर्मी के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में निवासरत लोगों को पानी की किल्लत होती है। विभिन्न ग्राम के लोगों ने मुझे अपने अपने गांव में पानी समस्या से अवगत करवाया था। जिसे गंभीरतापूर्वक लेते हुए हमने 28 बोर खनन स्वीकृत करवाया है। आगामी दिनों यदि और ग्रामों में पानी की समस्या की शिकायत मिलेगी तो वहां भी जल्द ही बोर खनन का कार्य करवाया जाएगा। अब भविष्य में केशकाल विधानसभा के क्षेत्रवासियों को पीने के पानी की किल्लत नहीं होगी और उन्हें पीने के लिए शुद्ध पानी भी मिलेगा।

# शादी में जा रहे लोगों से भरा वाहन, ट्रक से टकराया, मौके पर एक की मौत, चार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव





कांकेर जिले के नेशनल हाईवे पर पप्पू ढाबा के समीप एक दर्दनाक सड़क हादसे में कोंडागांव विकास नगर निवासी एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसा उस समय हुआ जब कोंडागांव से कांकेर शादी समारोह में शामिल होने जा रहे लोग हाई वे पर बीचों बीच एक खराब खड़े ट्रक से टकरा गए। जानकारी के अनुसार, कोंडागांव जिला मुख्यालय के विकासनगर निवासी 63 वर्षीय रिटायर्ड शिक्षक युवराज सिंह प्रयाग की इस दुर्घटना में मौके पर ही मौत हो गई। वहीं दीपक साहू, वरिष्ठ पत्रकार मुकेश राठौर, जगमोहन भोयर और महेंद्र सागर को गंभीर चोटें आई हैं, जिनका इलाज अस्पताल में जारी है। हादसा शाम करीब 7 बजे हुआ, जब एक पुलिया के बीचोंबीच खराब हालत में खड़ा ट्रक अचानक सामने आ गया। बताया गया कि घटनास्थल पर तेज आंधी भी चल रही थी, जिससे दृश्यता कम हो गई थी। परिणामस्वरूप वाहन चालक को ट्रक समय पर नजर नहीं आया और टक्कर हो गई। यह मार्ग राजधानी रायपुर को बस्तर संभाग से जोड़ने वाला प्रमुख नेशनल हाईवे है, जिस पर जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों की नियमित आवाजाही होती है। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक का माहौल है और लोगों ने हाईवे सुरक्षा व्यवस्था को और बेहतर करने की मांग की है।

### जख्मी पेड़ पर वन विभाग ने लगाया मरहम

**जगदलपुर।** बस्तर जिले के कचनार में जख्मी किए गए पेड़ को पर्यावरण प्रेमियों की सूचना पर वन विभाग ने पेड़ पर मरहम लगाया। इसके अलावा शहर के चांदनी चौक के निकट स्थित केरला होटल के सामने किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा पेड़ को छील दिया गया। जिसकी जानकारी शिरीष मिश्रा द्वारा सम्पत झा को दी गई। जिसकी सूचना तत्काल सम्पत झा एवं अप्रतिम झा ने वन मण्डलाधिकारी उत्तम कुमार गुप्ता को दी। इस पर डीएफओ ने तुरंत संज्ञान में लेकर वन अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ वन कमचारियों को निर्देश दिया गया। परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, जयराज पात्र, वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा गोबर, मिट्टी कम्पोस्ट का लेप लगा कर पेड़ को सुरक्षित करने का प्रयास किया है। जिससे पेड़ सूखे ना, साथ ही पर्यावरण प्रेमियों ने अपील की कि पेड़ों की कटाई छिलाई न करें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा श्रीईश्वराम्मा सप्ताह



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

श्री सत्य साई सेवा समिति के तत्वावधान में श्रीईश्वराम्मा सप्ताह हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। सप्ताह के चतुर्थ दिवस साई समिति द्वारा सभी क्षेत्र में बच्चों के उत्कृष्ट विकास के लिए चित्रकला एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

### 9 कुष्ठ रोगियों को दी सामग्री

श्री सत्य साई सेवा समिति धनपूंजी द्वारा दिन रविवार को ईश्वराम्मा सप्ताह के तहत ग्राम देवड़ा में 9 कुष्ठ रोगियों को चावल, दाल, खाने का तेल, हल्दी, मिर्च, धनिया, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, बालों में लगाने का तेल, सर्फ आदि नीति उपयोगी एवं खाद्य सामग्री का वितरण किया गया। समिति जगदलपुर द्वारा ग्राम कालीपुर में 3 एवं शहर में 5 परिवारों को सामाग्री वितरण किया। समिति द्वारा ग्राम एवं शहर में गरीब एवं निराश्रित व्यक्तियों के लिए प्रतिमाह किया जाता है, इसमें धनपूंजी समिति के संयोजक शुभाशीष, केदारनाथ पांडे, दुर्गा शरण, श्रीमती नवनीत मिश्रा, कुमारी प्रियांशी, मीना मालगांवकर, मुकेश रायकवार, डी. रामलू राव ने अपनी सेवाएं दी।

## जल संरक्षण के प्रति जागरुकता बढ़ाने ग्राम पंचायतों में संकल्प कार्यक्रम

# जल संचयन व संवर्धन के लिए ग्रामीणों ने लिया संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

■ गांव–गांव में दी जा रही भू–जल स्तर की जानकारी



कलेक्टर एवं जिला कार्यक्रम समन्वयक मनरेगा श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार जिले के ग्रामीण क्षेत्रें में पेयजल, कृषि निस्तारी एवं अन्य उपयोग के लिए पानी के संचयन एवं संवर्धन के लिए ग्रामीणों में जन जागरूकता के लिए समस्त ग्राम पंचायतों में जल संरक्षण के लिए संकल्प कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। ग्राम पंचायतों की भू–जल स्तर की जानकारी के लिए ग्राम पंचायत भवनों में दीवाल लेखन किया जा रहा है। शासन के मंशानुरूप प्रत्येक ग्राम पंचायतों में जी.आई.एस. आधारित जल संचय तथा आजीविका संवर्धन के लिए कार्ययोजना बनाया जाएगा, जिसके तहत महात्मा गांधी नरेगा अन्तर्गत अनुमेय प्रा—तिक संसाधन प्रबंधन संबंधित कार्य जैसे लूज बोल्डर चेक डेम, गेबियन संरचना, कंटूर ट्रेंच, नवीन तालाब, अमृत सरोवर निर्माण, परकोलेश टैंक वृक्षारोपण इत्यादि कार्यों को कराया जाएगा। उक्त कार्ययोजना को सफल बनाने के लिए जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई के द्वारा शुक्रवार को ग्राम पंचायत बडेकनेरा में ग्रामीणों को जल संरक्षण के लिए संकल्प दिलाई गई और जल संरक्षण का महत्व बताया गया। इस दौरान प्रधानमंत्री आवास ग्रामीण के तहत बनने वाले आवासों की प्रगति को तेजी लाने के लिए हितग्राहियों को प्रेरित किया गया। कार्यक्रम में उप संचालक पंचायत बीआर मोरे, कोंडागांव अनुविभागीय अधिकारी अजय उरांव सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारी और ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## पेज 9 के शेष

### नगरीय निकाय मंत्री...

200 लाख का मांग पत्र सौंपा गया है । इस अवसर पर पार्षदगण उगेश्वरी उइके, शकुंतला जैन, मीरा सलाम, टिकेन्द्र ठाकुर, चित्ररेखा जैन, सलीम मेमन, नरेन्द्र साहू, हितेन्द्र खटवानी, विकास कुमार अंभोरे, मंजू सारथी, ओम प्रकाश देवांगन, अजय सिंह रेणु, मतीन खान, कामिनी राजेश नेताम, चंद्रलोक ठाकुर आदि उपस्थित रहे ।

### मौसम ने बदली...

जनजीवन कुछ समय के लिए अस्त-व्यस्त हो गया। तेज हवाओं के कारण विद्युत आपूर्ति भी बाधित हो गई। आंचल में जगह-जगह शादी का कार्यक्रम चल रहा था, जिसे रात्रि में लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ा ।

### शादीशुदा मुस्लिम युवक...

कब पहुँचा और युवती को अपने जाल में कब फंसाया, यह जानकारी एकत्र कर रही है। समाचार लिखे जाने तक सैकड़ो युवक थाने के आसपास एकजुट होकर खड़े हुए थे और काफी आक्रोशित हो रहे थे। पुलिस ने आक्रोशित युवकों को भी समझाने का प्रयास किया। पुलिस थाने में पीड़िता युवती को बुलाकर बयान दर्ज कराया गया।

### सुशासन तिहार के...

प्राप्त हुए। कलेक्टर लंगेह ने बताया कि मुख्यमंत्री, उपमुख्यमंत्री, मंत्रीगण, सांसद, विधायकगण स्वयं शिविरों में शामिल होंगे और आमजनता से सीधा संवाद करेंगे और विकास कार्यों का औचक निरीक्षण कर फीडबैक लेंगे। जिला स्तर पर समीक्षा बैठक भी आयोजित की जाएगी, जिसमें योजनाओं की प्रगति और भविष्य की कार्ययोजना पर चर्चा की जाएगी।

### चारामा नगर में...

कारण अन्यत्र स्थान पर रहने को मजबूर हो गए है और कुछ लोग तो लोक लाज के भय के कारण इन शराब माफियाओं से उलझना ही उचित नही समझते। शराब के नशे में मुहल्ले की गलियों में लड़ाई झगड़े और गाली गलौज करने का माहौल दिन व रात को देखा जा सकता है। शराब माफियाओं पर दिखावे के लिए छोटी मोटी कार्यवाही कर छोड़ दिया जाता है जिसके कारण इनके हौंसले लगातार बुलंद होते जा रहे हैं।

## खबर संक्षेप

### 512 पीएम आवास में से 117 पूर्ण

**सुकमा।** कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के नेतृत्व एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन की कड़ी मेहनत एवं सतत निगरानी के परिणामस्वरूप सुकमा जिला में आवास निर्माण कार्य, आवास की स्वीकृति, नियद नेल्लानार योजना में आवास स्वीकृति एवं निर्माण कार्य, स्पेशल प्रोजेक्ट अंतर्गत आवास की स्वीकृति आदि बिंदुओ में अव्वल स्थान पर है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी नम्रता जैन के द्वारा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत वर्ष 2016-25 तक 1577 पात्र परिवारों मे से 512 हितग्राहियों का आवास स्वीकृत किया गया है जिसके विरुद्ध 117 आवास को पूर्ण का लिया गया है। जिला सीईओ जैन के द्वारा जनपद पंचायत सुकमा एवं कोंटा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी को शेष बचे हुए पात्र हितग्राहियों का आवश्यक दस्तावेज एकत्रित करके सॉफ्टवेयर मे अतिशीघ्र पंजीयन करने के निर्देश दिये गए हैं।

### 22 मई तक दिया जा सकता है साक्ष्य

**दंतेवाड़ा।** अनुविभागीय दण्डाधिकारी गीदम से प्राप्त जानकारी अनुसार जिला दक्षिण बस्तर दंतेवाड़ा अंतर्गत थाना गीदम क्षेत्रांतर्गत 31 मार्च को ग्राम नेलगोड़ा, ईकेली, बेलनार, गिरसापारा, के मध्य जंगल पहाड़ के पास पुलिस-माओवादियों की बीच मुठभेड़ में 1 महिला माओवादी की मारे जाने के फलस्वरूप दण्डाधिकारी जांच हेतु उक्त न्यायालय को पत्र प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में थाना गीदम के अपराध क्र. 30/2025 धारा 191(2), 191(3), 190, 109, बी. एनएस, 25, 27 आर्म्स एक्ट, 4, 5 वि.प.अधि. एवं 10, 13(1), 16, 20, 38(2), 39(2) विधि विरूद्ध क्रियाकलाप निवारण अधिनियम 1967 के तहत कायम कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया है। इस संबंध में सर्व संबंधितों को सूचित किया जाता है कि उक्त घटना के संबंध में 22 मई तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर मौखिक, गोपनीय, लिखित रूप से साक्ष्य दे सकते हैं, इस तिथि के बाद प्रस्तुत दावों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा।

### सुशासन त्योहार के तहत रोजगार काउंसलिंग जारी



**सुकमा।** सुशासन तिहार के अंतर्गत जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र सुकमा को अब तक कुल 159 आवेदन प्राप्त हुए हैं। जिला रोजगार अधिकारी एसके भारवे ने जानकारी दी कि प्राप्त आवेदनों के निराकरण हेतु कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में एक काउंसलिंग समिति का गठन किया गया है। आवेदकों को सूचना देकर काउंसलिंग प्रक्रिया में बुलाया जा रहा है। अब तक 60 आवेदक उपस्थित होकर रोजगार और स्वरोजगार संबंधी जानकारी प्राप्त कर चुके हैं, जिनमें से 8 से 10 आवेदकों ने स्वरोजगार में रुचि दिखाई है। रोजगार अधिकारी ने आगे बताया कि योग्य आवेदकों को निजी क्षेत्र में आयोजित प्लेसमेंट कैंपों के माध्यम से रोजगार उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। आगामी प्लेसमेंट कैंप 5 एवं 7 मई को आयोजित किए जाएंगे।

### सोलर तकनीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ

**सुकमा।** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की महत्वाकांक्षी योजना पीएम सूर्य घर मुक्त बिजली रूफटॉप सोलर पैनल के अंतर्गत शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था आईटीआई सुकमा में सोलर तकनीशियन कोर्स का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षण विभाग विद्युतकार द्वारा विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण 5 दिवसीय सैद्धांतिक और 2 दिवसीय ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग सहित कुल 7 दिनों का होगा। इस प्रशिक्षण में आईटीआई पासआउट प्रशिक्षणार्थियों को शामिल किया जाएगा। प्रशिक्षण पूर्ण होने के बाद सभी अभ्यर्थियों की कम्प्यूटर बेस्ड टेस्ट के माध्यम से परीक्षा ली जाएगी, जिसमें सफल अभ्यर्थियों को तकनीशियन प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा।

---

### दूर-दराज के गांवों से देवी देवताओं को लेकर पहुंचे ग्रामीण

# मेले में दिखी आदिवासी लोक संस्कृति की झलक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

- आदिवासी नृत्य, उड़िया नाटक व चलचित्र का किया जायेगा प्रदर्शन







दक्षिण बस्तर अंचल की प्रसिद्ध गीदम मेला मड़ई का प्रारंभ शनिवार को हुआ। नगर के इस मेला मड़ई में दूरदराज इलाके के लगभग 40 से भी अधिक गांव के ग्रामीण अपने आराध्य देवी-देवताओं के साथ शामिल होते हैं। उनके साथ ही पुजारी, सिरहा, गुनिया, गायता भी इस प्रसिद्ध मेला मड़ई में पहुंचते हैं। गीदम ब्लॉक मुख्यालय की इस मेला मड़ई के बारे में कहा जाता है कि इस मेला मड़ई के संपन्न होने के बाद ही दक्षिण बस्तर अंचल में मेला मड़ई का समापन होता है।

बस्तर अंचल में मेला मड़ई का अपना ही महत्व होता है। प्राचीन काल से ही मेला मड़ई ग्रामीणों के लिए अपने रिश्तेदारों से मिलने, जरूरी सामान खरीदने का साधन हुआ करते हैं। मेला मड़ई को सफल बनाने के लिए विभिन्न समितियों का गठन किया जाता है जिनकी देखरेख में मेला का आयोजन किया जाता है। मेला मड़ई में पेयजल सुविधा व अन्य व्यवस्था की जिम्मेदारी नगर प्रशासन की होती है वही कानून व्यवस्था पुलिस प्रशासन संभालता है। अंचल में आयोजित होने वाले मेला मड़ई में रात में पारंपरिक नृत्य एवम नाट की प्रतियोगिता आयोजित की जाती है। इस बार तीन दिवसीय गीदम मेला मड़ई में शनिवार को मां दंतेश्वरी की डोली नगर पहुंची। जहाँ मां की डोली का भव्य स्वागत किया गया। आज भैरमबाबा मंदिर में पूजा अर्चना के पश्चात माई जी की डोली के साथ नगर की परिक्रमा की गई। इसे स्थानीय भाषा मे परघाव कहा जाता है। लोगों की मान्यता है कि माता की डोली के नगर भ्रमण से नगर में सुख समृद्धि व शांति आती है। नगर परघाव में माता की डोली के साथ आदिवासी ढोल नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा।

माता के डोली के दर्शन के लिए नगर की जनता का हुजूम उमड़ पड़ा। सभी माता के दर्शन के लिये आतुर दिखाई दिए। मां दंतेश्वरी स्तम्भ में ध्वजारोहण किया गया। शाम के समय आदिवासी नृत्य, उड़ियां नाट्य व चलचित्र का प्रदर्शन किया जायेगा। इस दौरान विधायक चैतराम अटामी, नगर पंचायत अध्यक्ष रजनीश सुराना, भाजपा जिला अध्यक्ष संतोष गुप्ता, जिला पंचायत पूर्व उपाध्यक्ष मनीष सुराना, नगर पंचायत गीदम पूर्व अध्यक्ष नवीन विश्वकर्मा, सीएमओ नगर पंचायत गीदम हुलसी प्रधान, बारसूर गिरीश तिवारी, थाना प्रभारी गीदम विजय पटेल, नगर पंचायत गीदम के सभी पार्षदगण सहित नगर के सभी गणमान्य नागरिक शामिल हुए।

---

## विधायक ने स्टाप डेम निर्माण के लिए किया भूमिपूजन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दरभा

ग्राम पंचायत चितापुर में आज सोनादेई माता मंदिर में पूजा-अर्चना कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और जनकल्याण की कामना की गई। इसी अवसर पर जल संसाधन विभाग द्वारा स्वीकृत 297.18 लाख की लागत से बनने वाले स्टाफ डेम का भूमि पूजन सम्पन्न हुआ।

भूमिपूजन चित्रकोट विधायक विनायक गोयल के कर-कमलों से किया गया। यह डेम क्षेत्र में जल संरक्षण, सिंचाई सुविधा और कृषि विकास के लिए एक महत्वपूर्ण परियोजना है, जिससे ग्रामीणों को दीर्घकालिक लाभ मिलेगा। इस अवसर पर चित्रकोट विधायक विनायक गोयल, जनपद अध्यक्ष मानकदेई कश्यप, जनपद उपाध्यक्ष हरिप्रसाद कश्यप, रीतेश दास जोशी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य रैतुराम बघेल, अन्तराम कश्यप फुलसिह सेठिया, महादेव नाग, दयमती नाग, समदू कश्यप, दुर्गावती नाग, महादेव कवासी, मेघनाथ कश्यप, दुर्जन सिंह कश्यप, बलीराम मांझी, विघनेसश्वर बाकडे, गीता बघेल, नकुल ठाकुर, पीलुराम, सुखरू, जी ग्राम पंचायत के पंचगण, जल संसाधन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

---

## समर कैंप की गतिविधियों से बच्चों में रचनात्मकता को बढ़ावा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| लोहंडीगुड़ा



लोहंडीगुड़ा विकासखंड के संकुल मांदर के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक शाला इरीकपाल के बच्चे पिछले 10 दिनों से समर कैंप का आनंद ले रहे हैं। अप्रैल में बच्चों की वार्षिक परीक्षा समाप्ति के बाद समय का सदुपयोग होने एवं बच्चों में रचनात्मकता एवं कल्पनाशीलता जैसे गुणों के विकास के लिए शाला की शिक्षिका स्मृति भावे के द्वारा शाला में समर कैंप का आयोजन किया जा रहा है। कैंप में बच्चों को बहुत सी गतिविधियां करवाई जा रही हैं जिनमें चित्रकला, मिट्टी के खिलौने बनाना, विभिन्न अंको और अक्षरों से चित्र बनाना, विभिन्न विषय पर लिखना एवं बोलना, इमला लेखन, मौखिक भाषा विकास की गतिविधियां और विज्ञान के प्रयोग करना प्रमुख हैं। सालभर पढ़ाई और परीक्षा के डर से सहमे हुए बच्चों में नई ऊर्जा का संचार करने के लिए इस तरह की गतिविधियां बहुत आवश्यक हैं। इससे बच्चों के मुरझाये हुए चेहरे और मन प्रफुल्लित हो उठते हैं एवं अगले सत्र की शुरुवात के लिए बच्चे मानसिक रूप से तैयार होते हैं। विज्ञान हमारे जीवन का अभिन्न अंग है। यह युग विज्ञान का है। वैज्ञानिक दृष्टिकोण बच्चों को जीवन जीने की कला सिखाता है। शालेय जीवन में विज्ञान के प्रयोग सिखने एवं करने की आवश्यकता इसलिए भी है की विज्ञान न सिर्फ ज्ञान देता है, अपितु हमारे जीवन को भी बेहतर बनाता है। विज्ञान हमारी समस्याओं का समाधान खोजने में मदत करता है और उससे जीवन स्तर में सुधार होता है। इस सोच के साथ इस कैंप में बच्चे विज्ञान के प्रयोग और उसके पीछे के कारण को जान रहे हैं। इस कैंप को लेकर शिक्षिका और बच्चें बहुत आशान्वित हैं। समय समय पर बीईओ, बीआरसी का मार्गदर्शन मिलता रहता है।

---

## कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाओं का परिणाम रहा शतप्रतिशत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम





सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के कक्षा 5वीं व 8वीं की परीक्षाओं का जिला स्तरीय बोर्ड परीक्षा का परिणाम प्राप्त हुआ। विद्यालय का परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत रहा। विद्यालय में प्रथम, द्वितीय, स्थान प्राप्त किए भैया बहनों को पुरस्कृत किया गया। विद्यालय समिति के अध्यक्ष विजय प्रसाद तिवारी, व्यवस्थापक दयाशंकर गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगन्नाथ गुप्ता, सह सचिव सुरेश जय सिंघानी ने समिति की ओर से सभी भैया बहन व आचार्यो को शुभकामनाए दी। विद्यालय समिति के सदस्यों ने कहा कि इसका संपूर्ण श्रेय विद्यालय के आचार्य व दीदीयो को जाता हैं जो भैया बहनों को पढ़ाई के साथ-साथ संस्कार अनुशासन का पाठ भी पढ़ाते हैं। सभी को समिति की ओर से धन्यवाद। शिशु मंदिर की बोर्ड कक्षाओं का परीक्षा परिणाम प्रारंभ से आज पर्यंत तक शत -प्रतिशत रहा है जो नगर के लिए गौरव का विषय है। इस विद्यालय में पढ़े भैया बहन जिला संभाग में अपना वर्चस्व कायम किए हैं। विद्यालय के प्राचार्य विजय कुमार दुबे ने कहा कि विद्यालय परिवार की ओर से सभी भैया बहनों को बहुत-बहुत बधाई।इस विद्यालय में पढ़कर निकले भैया बहन सरकारी कार्यालय में उच्च पदों पर रहकर लगन निष्ठा के साथ सेवाएं दे रहे हैं जो अनुकरणीय है। पंचम कक्षा में कुल दर्ज संख्या 44 उत्तीर्ण 44 परिणाम 100 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 40, द्वितीय श्रेणी 4, कक्षा अष्टम में कुल दर्ज संख्या 39 उत्तीर्ण 39 परीक्षा परिणाम 100 प्रतिशत, प्रथम श्रेणी 38, द्वितीय श्रेणी 1 भैया बहन रहे। पंचम में प्रथम युवर्सी निषाद, द्वितीय इशिका नेताम, तृतीय तेजस्व कुमार सार्वा रहे। वही अष्टम में प्रथम सिया कड़ती, द्वितीय चांदनी नाग, तृतीय साक्षी साहू रहे।

---

## देवर्षि नारद जयंती पर माधव सेवा समिति ने पत्रकारों का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



माधव सेवा समिति द्वारा सूचना तंत्र के जनक सृष्टि के प्रथम पत्रकार महर्षि नारद मुनि के जन्म जयंती के उपलक्ष्य में रविवार दोपहर 12:30 जिला ग्रंथालय में पत्रकार सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। श्री माधव सेवा समिति द्वारा जिले में नारद जयंती का यह 5 वाँ वर्ष है ।

हर वर्ष की भांति इस साल भी श्री माधव सेवा समिति आयोजित इस कार्यक्रम में जिलेभर के पत्रकारों को आमंत्रित किया गया था। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य वक्ता वरिष्ठ पत्रकार एवं लेखक अरविंद मिश्रा, मुख्य अतिथि दंतेवाड़ा सीएमएचओ डॉ अजय कुमार रामटेके, कार्यक्रम के अध्यक्ष संतोष महापात्र । विशेष अतिथि वाय वी राघवेलु (महाप्रबंधक एएमएनएस),डॉ. रामचंद्रन, तेज प्रकाश आजाद सक्सेना द्वारा महर्षि नारद मुनि के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। रायपुर से पधारे कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अरविंद मिश्रा ने पत्रकारों को संबोधन करते हुए बताया कि सृष्टि के पहले पत्रकार के रूप में महर्षि नारद मुनि को जाना जाता है। उन्होंने अपने जीवन में सूचनाओं का जो भी आदान प्रदान किया, वो हमेशा लोगों के हित को ध्यान रखते हुए किया।उन्होंने आगे कहा कि जिस तरह से डॉक्टर व्यक्ति के जीवन की रक्षा करता है, उसी तरह से पत्रकार समाज को नया रूप देता है। श्री मिश्र ने कहा कि बस्तर के पत्रकार बेहद जोखिम भरा पत्रकारिता करते हैं। पद्म विभूषण से यहां के पत्रकारों को भी उनके विशिष्ट कार्य के लिए सम्मानित किए जाने की मांग उन्होंने उठाई।

इस अवसर पर जिले के वरिष्ठ पत्रकार यशवंत यादव, बिनोद सिंह, शैलेन्द्र ठाकुर, संतोष चौहान, बप्पी राय, अर्जुन पांडेय, आजाद सक्सेना समेत कई अन्य पत्रकार साथियों ने महर्षि नारद मुनि की जीवनी पर प्रकाश डाला और अपने पत्रकारिता जीवन की शुरुआत कैसे और किन परिस्थितियों में की इस पर विस्तार से अपनी बात रखी। बस्तर में पत्रकारिता कितनी चुनौती भरी है इस मर्म को भी साझा किया। कार्यक्रम के दौरान माधव सेवा समिति द्वारा जिले भर से आए सभी कलमकारों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया ।

इस अवसर पर श्रमजीवी पत्रकार संघ एवं दक्षिण बस्तर पत्रकार संघ के अध्यक्ष आजाद सक्सेना एवं बप्पी राय भी उपस्थित थे। इस खास मौके पर माधव सेवा समिति के सचिव मिश्रीलाल झाड़े, कोषाध्यक्ष कैलाश सोनी, फगनुराम वेक, अतुल सिंह, हरिश प्रताप सिंह। समाजसेवी महेंद्र नायक, सुरजीत सिंह, कमलेश नाग, रेखराम साहू, रितेश गुप्ता, विमल दीक्षित, अंकुर भदौरिया एवं अन्य पत्रकार बंधु उपस्थित थे।

---

## जल संरक्षण के लिए चिपुरपाल में ली गई शपथ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| सुकमा

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम मनरेगा के अंतर्गत सीईओ जिला पंचायत के निर्देशन में ग्राम पंचायत चिपुरपाल में जल संरक्षण के महत्व को लेकर एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर जल संरक्षण हेतु सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से शपथ ली।

इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत की सरपंच सुश्री प्रीति प्रधानी, उप सरपंच मोहन सिंह प्रधानी, तकनीकी सहायक अविनाश रवानी, रोजगार सहायक मंगल प्रधानी, पंच हेमबती प्रधानी तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पदमा राव की गरिमामयी उपस्थिति रही।

ग्रामीणों को जल के महत्व से अवगत कराते हुए मनरेगा योजना के तहत जल संरक्षण से संबंधित विभिन्न कार्यों जैसे रिचार्ज पिट, डबरी, तालाब, सोक पीट, चेक डेम एवं स्टॉप डेम निर्माण के बारे में जानकारी दी गई।

---

## आत्मसमर्पित और नक्सल हिंसा से प्रभावित परिवारों को प्रधानमंत्री आवास की पहली किस्त जारी

**बीजापुर।** प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत आत्म समर्पित नक्सली पीड़ित परिवारों को वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने संबोधित करते हुए स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा सहित जनप्रतिनिधि गण कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार जिला कार्यालय के एनआईसी कक्ष में वर्चुअल शामिल हुए। अवगत हो कि जिला बीजापुर में आत्म समर्पित नक्सली पीड़ित परिवारों आवास प्लस के माध्यम से सर्वे कर 1392 का लक्ष्य प्राप्त किया गया था जिसमें से आज पर्यंत तक 600 पीड़ित परिवारों को आवास की स्वीकृति प्रदान कर प्रथम किस्त जारी किया गया साथ मुख्यमंत्री कार्यक्रम में शामिल हितग्राहियों को जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा ने आत्म समर्पित नक्सली पीड़ित परिवारों को स्वीकृति पत्र वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान सरिता लेखाम ग्राम पंचायत जांगला एवं संदीप कोड़े ग्राम पंचायत पामगल से मुख्यमंत्री वर्चुअल संवाद भी किया।

---

## घर पहुंचकर वितरित किए नए राशन कार्ड



हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के अवसर पर नगर पालिका दंतेवाड़ा ने आम नागरिकों की सुविधा और कल्याण के लिए एक सराहनीय पहल की है। सुशासन को जमीनी स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से, नगर पालिका ने नए राशन कार्ड हेतु प्राप्त आवेदनों का परीक्षण कर खाद्य विभाग के सहयोग से पात्र हितग्राहियों को नए राशन कार्ड जारी किये गए। इस अभियान के अंतर्गत विभिन्न वार्डों के कई नागरिकों को लाभान्वित किया गया। इन हितग्राहियों में विशेष रूप से दीपक रवानी, माहेश्वरी नाग, सुलोचना पटेल, राजेंद्र कुमार, पुष्पलता पटेल, सीता, सुकन्ती, संदीप, पार्वती तथा भानमती को नए राशन कार्ड प्रदान किए गए। इस कार्य की विशेष बात यह रही कि नगर पालिका उपाध्यक्ष कैलाश मिश्रा स्वयं हितग्राहियों के घर पहुंचे और उन्हें राशन कार्ड सौंपा। इस आत्मीय व्यवहार न केवल हितग्राहियों को आश्चर्यचकित किया, बल्कि उनमें विशेष प्रसन्नता और विश्वास का संचार भी किया।

राशन कार्ड मिलने से हितग्राही दीपक रवानी ने कहा कि खुद नगर पालिका उपाध्यक्ष के हाथों मुझे घर आकर राशन कार्ड दिया जाना मेरे लिए सुखद अनुभव था। इससे हमें भरोसा हुआ है कि सरकार सच में हमारी चिंता कर रही है। एक अन्य हितग्राही महेश्वरी नाग ने भावुक होते हुए कहा राशन कार्ड मिलने से अब बच्चों के लिए अनाज लेना आसान होगा।

---

## बच्चों को शत प्रतिशत छात्रवृत्ति देवें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा



संयुक्त जिला कार्यालय परिसर स्थित कलेक्ट्रेट भवन के सभागार में कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आदिवासी विकास विभाग की विभागीय कार्यों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले के सभी आश्रम एवं छात्रावासों में बच्चों को सर्वसुविधायुक्त वातावरण मिलना चाहिए। किसी भी प्रकार की लापरवाही को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। कलेक्टर ने वर्ष 2024-25 के लिए आश्रमों और छात्रावासों में स्वीकृत एवं प्रवेशित सीटों की स्थिति की जानकारी ली और ऑनलाइन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति वितरण में लंबित मामलों की समीक्षा की। उन्होंने सहायक आयुक्त को निर्देश दिए कि सभी बच्चों की काउंसलिंग कर आगामी सत्र में शत प्रतिशत छात्रवृत्ति सुनिश्चित की जाए। कलेक्टर ने नियद नेल्लानार आपका आदर्श गांव योजना के अंतर्गत वन अधिकार अधिनियम 2006 के प्रभावी क्रियान्वयन की जानकारी लेते हुए पात्र हितग्राहियों को व्यक्तिगत व सामुदायिक वन अधिकार पत्र शीघ्र वितरित करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्रामीण व नगरीय निकायों में भी इस कार्य में तेजी लाने की बात कही।

कलेक्टर ने एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों की समीक्षा करते हुए कहा कि इन विद्यालयों का संचालन नवोदय विद्यालयों की तर्ज पर होना चाहिए, जिससे विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक वातावरण मिल सके। बैठक में निर्माणाधीन छात्रावासों, आश्रमों और विशिष्ट संस्थाओं के स्वीकृत भवन निर्माण कार्यों की अद्यतन स्थिति की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण मद, डीएमएफ निधि और एनएमडीसी से स्वीकृत कार्यों की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को निर्देशित किया कि सभी कार्यों को नियत समय में पूर्ण करें और गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखें।

HEALTH TOWN

"संस्कारित मातृत्व का पथ - गर्भसंस्कार कार्यक्रम"
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद
मातृत्व की यात्रा को बनाएं सकारात्मक और सशक्त
"मातृत्व की ओर बढ़ते हर कदम में साथ आपके लिए विशेष दंपतियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम"
JOIN OUR SEMINAR
Mantras chanting | Yoga and exercise | Music therapy | garbh savand
14 मई, बुधवार 2025, समय : 04.00 PM
रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
SCAN ME
अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें : महाराष्ट्र मण्डल चौबे कालोनी, रायपुर 492001,
मो. 91119-12122, 91119-22122 www.shreyanayurveda.com
Dr. Pallavi Kshirsagar

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
- सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
- ऑपरेशन द्वारा ईलाज
- नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
- टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
- दांतो की नसों का इलाज
- दांतों की सफाई व चमकाना
- दंत प्रत्यारोपण
- मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### बाइक चालक पर दर्ज हुआ मामला

**कांकेर।** आमाबेड़ा थाना के नागरबेड़ा निवासी मृतक सोपसिह सलाम पिता मंगल राम सलाम मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीएफ7745 में अपने गाँव की किराना दुकान से सामान लेकर अपने घर वापिस आ रहा था। प्राथमिक शाला नागरबेड़ा के पास पहूंचा था कि विपरीत दिशा से आ रही मोटर सायकल क्रमांक सीजी 19 बीआर 2471 का चालक झिटकूराम सलाम ने ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया था। विवेचना के उपरांत मोटर सायकल चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

### अवैध शराब बेचते हुए महिला गिरफ्तार

**कांकेर।** चारामा पुलिस को मुखबिर से जानकारी मिली कि मंदिर पारा चारामा में एक महिला थैले में शराब रखकर अवैध रूप से बेच रही है। पुलिस मौके पर पहुँचकर आरोपिया सरस्वती उइके के पास से 3 पौवा मशाला एवं 12 पौवा प्लेन देशी मंदिरा कुल 15 पौवा कुल 2700 एमएल प्रत्येक पौवा में 180 एमएल भरा हुआ कीमत 1300 रूपए जप्त करते हुए धारा 34 (1) (क) छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम के तहत कार्यवाही की गई।

### ट्रांसफार्मर लगाने 2 घंटे बंद रही बिजली

**जगदलपुर।** शहर के गुरुद्वारा के पास शनिवार को जगदलपुर जोन की ओर से उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए नया ट्रांसफार्मर लगाया गया। इससे नया बस स्टैंड, गोयल धर्मशाला, नगर निगम कार्यालय, शांति नगर वार्ड, कोर्ट चौक एवं आसपास के क्षेत्र में सुबह 11 बजे से दोपहर एक बजे तक 2 घंटे बिजली प्रभावित रही। ट्रांसफार्मर लगने के बाद उपभोक्ता ने राहत की सांस ली।

### जातिगत जनगणना की मांग पूरी होने पर मनाया जश्न

**जगदलपुर।** बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य के नेतृत्व में कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार द्वारा जातिगत जनगणना कराने के घोषणा को लेकर राजीव भवन के समक्ष जश्न मनाते हुए आम जनता को मिठाई का वितरण किया गया। मौर्य ने केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना करवाने के निर्णय पर कहा कि हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है, कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। देश के सभी संसाधनों के न्यायपूर्ण बंटवारे के लिए सर्वे करके यह पता लगाना जरूरी है कि देश के संसाधनों और शासन चलाने वाली संस्थाओं पर आखिर किसका क़ब्ज़ा है।

विरोध : प्रशासन से ठेकेदारों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग

# पुल की ऊंचाई को लेकर ग्रामीणों ने किया विरोध मृत गायों की भरपाई के लिए दिया अल्टीमेटम

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बासनवाही



राष्ट्रीय राजमार्ग ठेकेदारों के तानाशाही का विरोध थमने का नाम ही नहीं ले रहा है। बासनवाही बाजार स्थल में ग्रामीणों ने सभा करके गांव के मध्य बनाए जा रहे पुल की ऊंचाई को लेकर विरोध प्रकट किया। गांव वालों ने कहा कि मुख्य मार्ग से यह गहरा है और पुल के बीच में ही पानी रुकेगी, वह जो पानी निकासी पुल बन रहा है वह अपर्याप्त है। राष्ट्रीय राजमार्ग के इंजीनियर भी आए व दबे जुबान ऊपर के कर अधिकारियों का निर्देश बताते रहे।

ग्रामीणों ने कैंप के लोगों के द्वारा गांव के खेतो में फैलाए जा रहे गंदगी के बारे में भी कर्मचारियों को खरी खोटी सुनाया। ग्रामीणों ने कहा कि गांव में 100 प्रतिशत शौचालय भवन युक्त गांव है पर जब से यहां पर इनके मजदूर आए हैं। आसपास के खेतों में शौच करके चले जाते हैं, जिससे चारों ओर गंदगी फैल रही है। वहीं कैंप पर भोजन करके पॉलिथीन खुले में फेंक देते है, जिससे 10 से अधिक गाय मृत हो गए, जिसकी भरपाई करने के लिए कंपनी को गांव वालों ने दो दिन का समय दिया है। गांव के समाजसेवी संदीप द्विवेदी ने बताया कि गांव वालों की समस्या दिनों दिन बढ़ती जा रही है। अगर इसका हल नहीं निकला तो गांव में और भी माहौल खराब हो सकता है। मेरा स्वयं का एक एकड़ कृषि खेत में मिट्टी पत्थर अभी भी भरा है तो बाकी पीड़ितों का क्या हाल होगा। क्षेत्र के जनपद सदस्य पवन कुमार नेताम ने कहा मंगलवार तक का समय दिया गया है। कंपनी संतुष्टि जनक जवाब प्रस्तुत कर नहीं की तो स्वयं जिम्मेदार होगी। भारत माला परियोजना के ठेकेदार एवं कर्मचारियों के गुंडा गर्दी और वर्तमान में हुए मारपीट को देखते हुए पूरे क्षेत्र के गांव वालों ने महिलाओं को सड़क निर्माण में काम में जाने बंद का आव्हान किया गया। ग्रामीणों ने कहा कि महिलाएं भी सुरक्षित नही है। गुंडागर्दी और मारपीट कर रातों रात लापता हो जाना और साथ ही हाइवा चालक को बेल्ट में क्रूरतापूर्ण मरते हुए विडियों को पूरे प्रदेश भर वायरल होने के बाद भी प्रशासन का चुप है और यह भविष्य में घातक हो सकता है। ग्रामीणों ने हरिभूमि के माध्यम से मारपीट करने वाले कर्मचारियों के ऊपर कड़ी से कड़ी कार्रवाई की मांग की गई है।

### ग्रामीणों ने मंगलवार रात्रि तक दिया समय

कैंप पर भोजन करके पॉलिथीन खुले में फेंक देते है, जिससे 10 से अधिक गाय मृत हो गए, जिसकी भरपाई करने के लिए कंपनी को 6 मई मंगलवार रात्रि तक का समय दिया गया है। मंगलवार रात्रि तक भरपाई नहीं किया तो 7 मई बुधवार को सभी कंपनियों के कैंप में आकर धरना प्रदर्शन देंगे।

# पिकअप की ठोकर से बाइक पर सवार तीन घायलों में दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर

जैसाकर्रा के पास पिकप वाहन ने मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मार दिया, जिसमें मोटर सायकल में सवार तीन लोग घायल हो गए, जिसमें दो की हालत गंभीर होने के चलते सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चारामा से हायर सेंटर रिफर किया गया। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है। चारामा थाने में शिकायत करने पहुंचे बोहारडीही जिला बालोद निवासी सुरेंद्र कुमार सेवता पिता विशाल ने पुलिस को बताया कि मैं ड्रायवरी का काम करता हूं। मैं 3 मई को जैसाकर्रा पेट्रोल पंप के पास बोर गाडी खड़ा करके रायपुर से आ रहे सामान को लेने के लिए बस स्टैण्ड चारामा मोटर सायकल क्रमांक सीजी 07 एलपी 6540 में बैठकर और राहुल पीछे बैठे थे। मोटर सायकल को बृजलाल चला रहा था। इसी दिन दोपहर को लगभग डेढ़ बजे बोरवेल आफिस जैसाकर्रा के पास पहूंचे थे कि पीछे से आ रही पिकअप वाहन क्रमांक सीजी 04 क्यूई 0181 के चालक द्वारा पिकअप वाहन को तेज रफ्तार व लापरवाही पूर्वक चलाकर हमारे मोटर सायकल को पीछे से ठोकर मारकर दी, जिससे मोटर सायकल चला रहे बृजलाल एवं राहुल को गंभीर चोट लगा और मुझे चेहरे एवं हाथ में चोट लगा है। एक्सीडेंट होने के बाद 108 वाहन आने पर ईलाज के लिए चारामा अस्पताल भर्ती हुये जिसे बृजलाल और राहुल को गंभीर चोट लगने से चारामा अस्पताल से रिफर किया गया। पुलिस ने पिकअप चालक के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए विवेचना में लिया है।

■ घायलों को चारामा अस्पताल से हायर सेंटर में किया रिफर

### स्वच्छता की शुरूआत खुद के लाइफ स्टाईल से करें : कोले

**जगदलपुर।** स्वच्छता अभियान के प्रति निरंतर जागरूकता प्रयास करते रहने के उद्देश्य से शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में शुक्रवार को मानव विज्ञान एवं जनजातीय अध्ययनशाला द्वारा साफ-सफाई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने विभाग के आस-पास स्वच्छता के लिए कार्य किया। लैब और क्लास की सफाई के साथ एकेडमिक भवन में लगे गमले में नए पौधे भी लगाए। इस अवसर पर विभागाध्यक्ष प्रो स्वपन कुमार कोले ने कहा कि देश में स्वच्छता अभियान को सफल बनाने के लिए हमें निरंतर कार्य करते रहने होंगे। उन्होंने कहा कि स्वच्छता की शुरूआत हम सबको अपने व्यक्तिगत जीवन से करना चाहिए। इसके बाद अपने परिवेश और शैक्षणिक स्थानों को स्वच्छ रखने की जिम्मेदारी भी लेनी चाहिए।

# हिंदू धर्म के पुर्न संस्थापक शंकराचार्य भगवान का प्राकट्य महोत्सव जगन्नाथ मंदिर में भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के 2532 वें प्राकट्य महोत्सव के पावन अवसर पर शहर जगन्नाथ मंदिर प्रांगण में पूजन आराधना एवं सत्संग का भव्य धार्मिक आयोजन पीठ परिषद, आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी बस्तर के कर्मकर्ताओ के नेतृत्व में किया गया। इस दौरान वाहिनी के दिक्षार्थियों ने भजन-कीर्तन और हनुमान चालीसा का पाठ किया गया।

■ आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के धार्मिक आयोजन में विधायक और महापौर सम्मलित हुए

रात 8 बजे से आयोजित आयोजन में आचार्य पंडित रोमितराज त्रिपाठी के मुखवृन्द से आदि गुरु शंकराचार्य भगवान के हजारों वर्ष पूर्व भारत मे धर्म की रक्षा और सनातनी हिंदुओ को इस्से भागीदारी करने किये गए प्रयास और योगदान पर विस्तार से जानकारी दी। आदि गुरु शंकराचार्य उत्तरप्रदेश के मंडन गांव पहुंचे तो प्रकांड ज्ञानी मंडन मिश्र से शास्त्रार्थ हुआ। जिसमें मंडन मिश्र को हार स्वीकार कर आदि गुरु शंकराचार्य के शिष्य बन गए। ऐसे आद्य गुरु अल्पआयु में ही भारत मे धर्म की स्थापना की। आचार्य पंडित रोमितराज ने बताया आद्य गुरु ने ही देश के चार दिशाओं में चार मठ और पीठ की स्थापना की। उत्तर में पहला पीठ में पहले शंकराचार्य के रूप में मंडन मिश्र को पीठाधीश्वर बनाया। ततपश्चात पश्चिम,पूर्व और दक्षिण में मठ पीठ स्थापित कर चारो पीठो में शंकराचार्य को धर्म की रक्षा करने का कार्य सौपा। इसलिए आज के शुभ दिवस के अवसर पर आदि शंकराचार्य जी के 2532 वें जयंती पर देश भर में हर्षोल्लास से मनाया गया। आयोजन में भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण देवसिंह, महापौर संजय पांडे, निगम के एमआईसी सुरेश गुप्ता, निर्मल पाणिग्राही, संग्राम सिंह राणा और लक्ष्मण झा समेत विहिप के प्रांत पदाधिकारी रवि ब्रम्हचारी, योगेंद्र कौशिक, जिलाध्यक्ष शंकर लाल गुप्ता, नवीन देवांगन, सर्व हिन्दू समाज के जिला सचिव रंजीत पांडे व बड़ी संख्या में गोवर्द्धन मठ पुरी के शंकराचार्य स्वामी निश्चलानंद सरस्वती की सेना आदित्यवाहनी-आनंदवाहिनी के मातृ शक्ति व पुरुष कर्मकर्ता सम्मलित थे। वही ब्राम्हण समाज व सर्व हिन्दू समाज के भी पदादिकारी व अन्य सम्मलित हुए।

आदि गुरुशंकराचार्य भगवान के पूजा-अर्चना और संगोष्ठी पश्चात पंडितो और श्रद्धालुओं के द्वारा आरती की गई, ततपश्चात प्रसाद वितरण किया गया। इस दौरान आदित्यवाहनी के दृशान चक्रवती आदित्यवाहनी के जिलाध्यक्ष योगेश ठाकुर, योगेश शुक्ला, एल गुप्तेश्वर राव, अभय दीक्षित, संतोष बाजपेई, राकेश साहू, प्रवीण द्विवेदी, किरण शुक्ला, मृणाल मलिक, जीपी पांडे, चन्दन मिश्रा, आनंदवाहिनी की जिलाध्यक्ष गीता शुक्ला, सरिता पांडे, बासंती सामंत, ममता राणा, आरएन पांडे, आदित्यवाहनी के सम्भाग अध्यक्ष अनिल सामंत का आयोजन में योगदान रहा। इस दौरान मनोहर दत्त तिवारी, आर्येन्द्र सिंह आर्य, शशिनाथ पाठक, सुमित महापात्र, अनिल शुक्ला, पंकज आचार्य, आशु आचार्य व बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।

### अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण पर हुई जागरूकता कार्यशाला

**जगदलपुर।** एमिटी यूनिवर्सिटी छत्तीसगढ़ और नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन-इंडिया विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग का एक स्वायत्त संस्थान विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, सहयोगी भागीदार वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग की ओर से शुक्रवार को बस्तर जिले के माचकोट में छत्तीसगढ़ के अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण पर जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के बस्तर क्षेत्र में अनूठी प्रथाओं की खोज और दस्तावेजीकरण नामक परियोजना का उद्देश्य जनजाति के स्वदेशी ज्ञान का पता लगाना, उसका दस्तावेजीकरण करना और उसे संरक्षित करना है। छत्तीसगढ़ में बैगा, गोंड और अन्य आदिवासी समूहों जैसे स्वदेशी समुदायों की अनूठी प्रथाओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए पारंपरिक ज्ञान प्रणालियों की खोज, दस्तावेजीकरण और संरक्षण के महत्व के बारे में हितधारकों के बीच जागरूकता पैदा करना। स्काउटिंग और दस्तावेजीकरण अनूठी प्रथाओं को इकट्ठा करने पर ध्यान केंद्रित करेगा। ऐसा करके, यह परियोजना भविष्य की पीढ़ियों के लिए इस मूल्यवान ज्ञान को संरक्षित करने और टिकाऊ जीवन शैली की दिशा में वैश्विक प्रयासों में योगदान करने का प्रयास करती है।

# अपहरण व नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले गए जेल

हरिभूमि न्यूज ▸▸| चारामा

थानाक्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने कांकेर के राजापारा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार परिजनों ने 23 फरवरी 2025 को पुलिस को बताया था कि नाबालिग घर से बिना बताए कहीं चली गई है। सहेली एवं आसपास घरो में तथा रिश्तेदारों में पतासाजी किए जाने के उपरांत नहीं मिलने पर 25 फरवरी को गुम इंसान का प्रकरण दर्ज किया गया, उसके बाद पुलिस उसकी पतासाजी में जुट गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आई. कल्याण ऐलेसिला के निर्देशन, एएसपी दिनेश सिन्हा के मार्गदर्शन, एसडीओपी मोहसिन खान के पर्यवेक्षण में ओर थाना प्रभारी निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर नाबालिक की पता तलाश किया गया। विवेचना में पुलिस को 2 मई को जानकारी मिली कि नए बस स्टैंड कांकेर के सार्वजनिक स्थान से परिजनों व मौके पर मौजूद गवाहों के समक्ष नाबालिक को बरामद कर थाना चारामा लाकर परिजनों के समक्ष पीड़िता का महिला विवेचना अधिकारी द्वारा पूछताछ कर कथन लिया गया। नाबालिग ने बताया कि 23 फरवरी को बिना बताए, घर से निकलकर कांकेर में राजापारा मंदिर के पास बैठी थी। रात करीबन एक बजे एक लड़का मेरे पास आया और मुझसे मेरा नाम पता पूछा, मैने उसे नाम बताया। रात होने एवं किराया रूम नहीं मिलने से नाम पूछने वाले लड़के विकास विश्वकर्मा ने अपने मामा के घर लेकर गया।तुमसे प्यार करता हूं और शादी करूंगा बोलकर दुष्कर्म किया। पुलिस ने बयान के आधार पर प्रकरण में धारा 64,64 (ड),65 (1) बीएनएस 4,6 पॉक्सों एक्ट जोड़ा गया। पुलिस आरोपी विकास विश्वकर्मा पिता देवनाथ विश्वकर्मा उम्र 23 वर्ष निवासी राजापारा को पूछताछ करने पर अपराध घटित करना स्वीकार करने पर 4 मई को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया, जिसे न्यायिक रिमांड में जेल भेजा गया।



### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में निरीक्षक जितेन्द्र कुमार साहू, सउनि कलावती थापा, महिला प्रधान आरक्षक ज्योति मिश्रा, आरक्षक अनिता ज़ूरी, आरक्षक देवकरण नेताम, आरक्षक चन्द्रहास विश्वकर्मा का योगदान रहा।

# वार्षिक मंड़ई में शामिल हुए विधायक एवं सांसद

हरिभूमि न्यूज ▸▸| जगदलपुर



ग्राम बम्हनी में वार्षिक मंडई में विधायक किरण देव एवं सांसद महेश कश्यप ने माता सोनादई मंदिर पहुँच पूजा अर्चना कर छत्तीसगढ़ प्रदेश व बस्तर की सुख समृद्धि की माता से कामना की। ग्रामवासियों ने विधायक एवं सांसद का पारंपरिक रूप से तिलक लगाकर स्वागत किया। देव ने कहा कि बम्हनी में माता सोनादई मंदिर में ऐतिहासिक वार्षिक मंडई में शामिल होकर आप सभी के बीच आकर अभिभूत हूं। मेला में सभी क्षेत्र की जनमानस को बधाई। बस्तर में आयोजित मेला, मंडई का अपना विशेष महत्व होता है। जिसमें हमारी बस्तर की कला संस्कृति, परम्परा का समावेश होता है। सांसद ने भी ग्रामीणों को शुभकामनाएं दी। इस दौरान सरपंच वेदवती कुंवर, जनपद उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम कश्यप, मंडल अध्यक्ष महेन्द्र सेठिया, मनोहर तिवारी, रधुराज देवांगन, मेला राम ,बेरन्दू दास, देवी बधेल व माता पुजारी सोमार, गणेश नागवंशी व अन्य उपस्थित थे।

## जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में लगा 15 दिवसीय स्पीड रोलर स्केटिंग कैंप

# छात्रों में दिखा उत्साह, राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर नाम करेंगे रोशन

हरिभूमि न्यूज ▸▸| कांकेर





जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल में टूएनो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड के संयुक्त तत्वाधान में 15 दिवसीय स्पीड रोलर स्केटिंग कैंप का समापन 3 मई को हुआ। उत्कृष्ट प्रदर्शन वालों को प्रमाण पत्र और मेडल से सम्मानित किया गया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि स्पीड रोलर स्केटिंग फेडरेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष और छत्तीसगढ़ स्पीड रोलर स्केटिंग फेडरेशन के महासचिव किशोर भंडारी ने कहा कि टूएनो स्पोर्ट्स और जेपी इंटरनेशनल स्कूल का यह संयुक्त प्रयास रोलर स्केटिंग कैम्प को कांकेर में एक नई पहचान देगा। इन 80 बच्चों का जोश और प्रतिभा देखकर मुझे विश्वास है कि यह भविष्य में राष्ट्रीय और अंतराष्ट्रीय मंचों पर अपने पालक, विद्यालय, कांकेर एवं छत्तीसगढ़ का नाम रोशन करेंगे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विद्यालय के निदेशक मंडल के सदस्य शंकर गिदवानी ने कहा टूएनो स्पोर्ट्स के साथ यह साझेदारी हमारे बच्चों के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सभी प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों को बधाई एवं समस्त पालकों को धन्यवाद देते हुए कहा कि जल्द ही हम अन्य खेलों के लिए इसी तरह के शिविर आयोजित करेंगे।विशेष अतिथि की आसंदी से उपस्थित स्कूल के शैक्षणिक सलाहकार गोविंद मुदलियार ने कहा यह कैंप खेल और शिक्षा के बीच संतुलन का शानदार उदाहरण है। टूएनो के स्केटिंग खेल के प्रति दृष्टिकोण और स्कूल एवं पालकों के सहयोग ने कैम्प के दौरान बच्चों को न केवल स्केटिंग, बल्कि आत्मविश्वास और नेतृत्व जैसे गुण भी सिखाए। प्राचार्य रितेश चौबे ने कहा कि टूएनो स्पोर्ट्स के साथ मिलकर आयोजित इस कैंप ने हमारे बच्चों को स्केटिंग की कला के साथ-साथ अनुशासन, धैर्य और खेल भावना जैसे मूल्यों से जोड़ा। यह कैंप उनके शारीरिक और मानसिक विकास का एक महत्वपूर्ण पड़ाव रहा। विद्यालय के स्पोर्ट्स शिक्षक ने कहा कि टूएनो स्पोर्ट्स मैनेजमेंट प्राइवेट लिमिटेड दुर्ग छत्तीसगढ़, जो खेल प्रबंधन कंपनी है। यह कंपनी जेपी इंटरनेशनल स्कूल सरंगपाल के साथ मिलकर किया। टूएनो ने अपने विशेषज्ञ कोचों के माध्यम से कैंप में भाग लेने वाले तीन साल की उम्र से लेकर 18 साल की उम्र तक के 80 प्रतिभागियों ने विशेषज्ञ कोचों के मार्गदर्शन में स्केटिंग की बारीकियां सीखीं। प्रतिभागियों को विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया, जिसमें गति नियंत्रण, संतुलन, और सुरक्षा तकनीकों पर विशेष ध्यान दिया गया। प्रशिक्षकों ने प्रारम्भिक तौर पर बच्चों में न केवल स्केटिंग के तकनीकी कौशल विकसित किया, बल्कि अनुशासन, धैर्य, और खेल भावना जैसे जीवन मूल्यों के लिए भी प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के अंत में विद्यालय मंच का संचालन आंग्लभाषा शिक्षिका एवं वरिष्ठ समन्वयिका कोमल राय भौमिक ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि टूएनो के प्रशिक्षकों, अभिभावकों, स्कूल स्टाफ और आयोजकों को उनके अथक सहयोग के लिए धन्यवाद देती हूं। इस अवसर पर पालकगण, विद्यालय के शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

### अभिभावकों ने की प्रशंसा

अभिभावकों ने टूएनो और स्कूल के संयुक्त प्रयास की मुक्तकंठ से प्रशंसा किया। पालक ममता प्रसाद ने कहा मेरे बेटे ने इस कैंप में स्केटिंग के साथ आत्मविश्वास हासिल किया। टूएनो के प्रशिक्षकों का मार्गदर्शन और स्कूल की व्यवस्था अनुकरणीय रही। जयंत भगत ने कहा कि मेरी बेटे ने इस कैंप में स्केटिंग सीखने के साथ-साथ एक नया आत्मविश्वास आया है। उम्मीद है वह अब इसे गंभीरता से लेते राज्य स्तर एवं अन्य मंचों पर प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे तथा इसके लिए टूएनो और स्कूल अपेक्षित सहयोग प्रदान करेगा। भुनेश्वरी उसेंडी ने कहा यह कैंप मेरे बेटे के लिए यादगार रहा। उसने नए दोस्त बनाए और शारीरिक रूप से सक्रिय हुआ। टूएनो और स्कूल ने बच्चों के लिए बेहतरीन मंच दिया।

### भोलासिंह कोतवाली, संतोष सिंह को नगरनार का प्रभार

**जगदलपुर।** जिले के थानों में पदस्थ कई थानेदारों का स्थानांतरण कर दिया गया है। शनिवार देर शाम जारी आदेश में एसपी शलभ सिन्हा ने कोतवाली समेत कई महत्वपूर्ण थानों के प्रभारियों का स्थानांतरण करते हुए नई जिम्मेदारी दी है। जारी आदेश में कोतवाली थाने का प्रभार परपा थाना प्रभारी भोलासिंह राजपूत को दी गई है वहीं एक अन्य महत्वपूर्ण थाना नगरनार का प्रभारी पुलिस लाईन में रहे निरीक्षक संतोष सिंह को दिया गया है।
पुलिस कप्तान द्वारा जारी नवीन पदस्थापना सूची के मुताबिक निरीक्षक भोलासिंह राजपूत को कोतवाली थाना, रक्षित केन्द्र से निरीक्षक संतोष सिंह को नगरनार थाना, कोड़ेनार थाना प्रभारी मो तारिक हरीश को थाना परपा, सायबर सेल प्रभारी रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, खेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

online Booking:-www.tripuryatra.com

सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 20,500/-
By Train-रिजर्वेशन कोच (14 दिन)
23 मई, 02 जून, 15 जून, 14 अगस्त, 04 सितम्बर, 27 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री, श्री हरिद्वार, श्री ऋषिकेश
चार धाम यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
(इन्क्लुड - इनोवा क्रिस्टा, स्विफ्ट डिजायर, टेम्पो ट्रैवलर, होटल, ब्रेकफास्ट एंड डिनर)
राशि:-स्लीपर-20,500/-, 3 एसी- 29,500/-, 2 एसी- 35,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411